

नवभारत
ग्वालियर, शुक्रवार, 29 अगस्त, 2025



# कलेक्टर ने सीएम राइज विद्यालय का किया निरीक्षण

## विद्यालय की संपूर्ण जमीन का सीमांकन कराए जाने का एसडीएम को दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**
**नरवर,28अगस्त।** तहसील के सामने स्थित सी एम राइज विद्यालय का आज शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने निरीक्षण किया ,प्राप्त जानकारी के मुताबिक नरवर नगर में 35 करोड़ की लागत से सी एम राइज विद्यालय की बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा है युक्त बिल्डिंग व विद्यालय प्रांगण का आज शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा निरीक्षण किया गया तथा बिल्डिंग ठेकेदार को शीघ्र ही बिल्डिंग का संपूर्ण कार्य जल्द से जल्द कराए जाने के निर्देश दिए तथा कलेक्टर चौधरी ने विद्यालय के ग्राउंड का भ्रमण कर संपूर्ण बाउंड्री शीघ्र निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए तथा कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने करेरा एसडीएम अजय शर्मा को निर्देश दिए की सी एम राइज विद्यालय की संपूर्ण जमीन का सीमांकन किया जाकर तथा विद्यालय की जमीन पर किए गए अतिक्रमणकारियो के विरुद्ध कारवाई जाने के निर्देश दिए तथा नरवर नगर में शीघ्र ही बालक तथा बालिका छात्रावासो का भी निर्माण कार्य किया जाना है जिसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थित सिंचाई विभाग की कॉलोनी के पास जमीन का मौक मुआइना भी कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी द्वारा किया गया, सी एम राइज प्राचार्य धनीराम कुशवाहा ने बताया कि सी एम राइज विद्यालय की जमीन सर्वे नंबर 1599, 1601/3,1607/1,1607/2 रकबा 3.89 हेक्टेयर स्थित है युक्त जमीन सी एम राइज विद्यालय की है युक्त जमीन पर बॉयस हॉस्टल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है जिसके लिए आज कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी ने निरीक्षण किया तथा प्राचार्य ने बताया कि एसडीएम कार्यालय सेभूमि हस्तांतरण किए जाने का आदेश आते ही सर्वे नंबर 1601/3 पर 50 सीटर बालक छात्रावास तथा 50 सीटर बालिका छात्रावास का निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू की जाएगी युक्त निरीक्षण में कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी के साथ एसडीएम करेरा अजय शर्मा ,तहसीलदार संतोष धाकड़ , बी ई ओ यादव, प्राचार्य धनीराम कुशवाहा के अलावा राजस्व विभाग के पटवारी दल तथा समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### स्कूल प्रबंधक की लापरवाही , गर्म तेल की कढ़ाई में गिरने से बालिका घायल

तहसील नरवर अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक विद्यालय पारागढ़ में आज कक्षा 2 की छात्रा स्नेहा पुत्री जितेंद्र बघेल उम्र 8 वर्ष निवासी पारागण की छात्रा आज जब स्कूल पढ़ने गई थी तभी गर्म तेल में गिरने से बालिका का शरीर जल गया जिससे वह गंभीर घायल हो गई ,बालिका को नरवर के स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार किया गया तथा वही ग्राम पारागढ़ के प्राथमिक स्कूल के प्राचार्य की लापरवाही के चलते यह घटना घटित हुई है, स्कूल प्रबंधक छात्र-छात्राओं के प्रति लापरवाही बरत रहे हैं।

# अवैध छुरी के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी, 28 अगस्त।** अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना बैराड़ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लोहे की धारदार छुरी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा एसडीओपी पोहरी आनंद राय के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। थाना प्रभारी बैराड़ निरीक्षक रविशंकर कौशल को सूचना मिली कि पुराना रेस्ट हाउस तालाब के पास बैराड़ में एक व्यक्ति वारदात करने की नीयत से अवैध धारदार छुरी लिए घूम रहा है। सूचना पर तुरंत पुलिस टीम गठित कर मौके से आरोपी को पकड़ लिया गया।

आरोपी की पहचान आशिक पुत्र डौली बाल्मीक उम्र 22 वर्ष निवासी सकतपुर हाल निवासी टपरा मोहल्ला बैराड़ के रूप में हुई। आरोपी के कब्जे से करीब 100 रुपए मूल्य की लोहे की धारदार छुरी जब्त कर उसके विरुद्ध अपराध क्रमांक 308/2025 धारा 25(2) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया।

### आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड

1. अपराध क्रमांक 92/2022 धारा 294, 323, 34, 506 भादवि।
2. अपराध क्रमांक 101/2024 धारा 294, 323, 34, 341, 506 भादवि।
3. अपराध क्रमांक 317/2024 धारा 115(2), 126(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस।
4. अपराध क्रमांक 14/2025 धारा 115(2), 118(1), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस।

इस सराहनीय कार्रवाई में निरीक्षक रविशंकर कौशल, सउनि सोबरन सिंह सिसौदिया, प्रधान आरक्षक 947 इकबाल अहमद, आरक्षक 1058 राजेंद्र प्रसाद, आरक्षक 875 ज्ञानसिंह रावत एवं चालक आरक्षक 72 मनीष परिहार की विशेष भूमिका रही।

# वन टीम ने सड़क हादसे में घायल युवक की बचाई जान



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,28अगस्त।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए करैरा रेंजर लक्ष्मण मीणा ने वन विभाग की टीम के साथ सड़क किनारे दुर्घटनाग्रस्त पड़े एक युवक की मदद कर उसकी जान बचाई।

विगत रात्रि 26 अगस्त को करीब रात 11 बजे अमोला थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे एक युवक मोटरसाइकिल से दुर्घटनाग्रस्त होकर गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक रोड साइड पर तड़पता पड़ा था। तभी गश्त पर निकली वन विभाग की टीम की नजर उस पर पड़ी। टीम ने तत्काल 108 एम्बुलेंस और 112 पुलिस कंट्रोल रूम पर कॉल किया। लगभग 15-20 मिनट इंतजार के बाद एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया गया। युवक ने वन विभाग की टीम को बताया कि वह शिला नगर गांव में अपने रिश्तेदार से मिलने जा रहा था। रास्ते में अचानक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। वन विभाग टीम में वन परिक्षेत्र अधिकारी लक्ष्मण मीणा, परिक्षेत्र सहायक अमोल मोहन लोधी और ड्राइवर शिवम पाठक शामिल थे। इनकी संवेदनशीलता और तत्परता से घायल युवक को समय रहते उपचार मिल सका।

### जुआ खेलते 15 जुआरी गिरफ्तार

गुना। जिले की आरोन थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बनबीरखेड़ी के पठार से ताश-पत्तों से जुआ खेल रहे 15 जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ लिया।

## मधुमक्खी पालन, किसानों की आय बढ़ाने का नया रास्ता

**गुना।** जिले में किसानों की आमदनी बढ़ाने और खेती को और लाभकारी बनाने के उद्देश्य से दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 29 एवं 30 अगस्त को पी.जी. कॉलेज, गुना के सभागार में आयोजित होगी। इस कार्यक्रम का आयोजन उद्यानिकी विभाग के सहयोग से तथा राष्ट्रीय मधुमक्खी बोर्ड के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसमें जिले के किसान भाइयों के साथ-साथ विद्यार्थी, मधुमक्खी पालक और अन्य हितधारक भी शामिल होंगे। उपसंचालक उद्यानिकी के.पी.एस. किरार ने बताया कि गुना जिले में किसान भाई मुख्य रूप से धनिया और सरसों की खेती करते हैं।

# सभी प्राथमिक-माध्यमिक शालाओं में 29 अगस्त को बनेगी एसएमसी

## सभी प्राथमिक-माध्यमिक शालाओं में 29 अगस्त को बनेगी एसएमसी



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,28अगस्त।** निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 एवं राज्य सरकार द्वारा बनाए गए नियम 2011 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 और 2026-27 हेतु बदरवास विकासखंड की सभी शासकीय एवं अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक और कक्षा 1 से 8 तक की एकीकृत शालाओं में 29 अगस्त को शाला प्रबंधन समितियों का गठन किया जाएगा।

बीआरसी तोमर ने बताया कि प्रत्येक समिति में 18 सदस्य होंगे, जिनमें 50 प्रतिशत महिलाएं अनिवार्य होंगी। इनमें से 14 सदस्य चुनाव से और 4 सदस्य नामांकन से चुने जाएंगे। समेकित शालाओं में प्राथमिक (कक्षा 1 से 5) और माध्यमिक (कक्षा 6 से 8) खंड का समान प्रतिनिधित्व रखा जाएगा। वंचित समूह, कमजोर वर्ग और अन्य वर्ग का अनुपात बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर तय होगा। उदाहरण स्वरूप यदि किसी शाला में 100 विद्यार्थी हैं और उनमें 40 वंचित समूह, 20 कमजोर वर्ग तथा 40 अन्य वर्ग से हैं तो समिति में वंचित समूह से 6, कमजोर वर्ग से 3 और अन्य वर्ग से 5 सदस्य चुने जाएंगे। वंचित समूह में अनुसूचित जाति, जनजाति, वनभूमि पट्टाधारी परिवार, विमुक्त जाति तथा निशक्त बच्चे शामिल किए गए हैं। वहीं कमजोर वर्ग में बीपीएल/अंत्योदय कार्डधारी, अनाथ बच्चे आदि शामिल होंगे। समिति गठन की पूरी प्रक्रिया राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशानुसार होगी। इस हेतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पर्यवेक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। वे विद्यालयों में उपस्थित रहकर तय प्रक्रिया के अनुसार समितियों का गठन करवाएंगे। जनशिक्षा केंद्र अपने-अपने जनशिक्षा केंद्र के नोडल अधिकारी होंगे, जबकि विकासखंड स्तर पर वेद प्रकाश शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। गठन उपरांत सभी जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराई जाएगी।

# शहर के रोजगार मेले में 564 युवाओं को मिला रोजगार



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,28अगस्त।** युवा शक्ति देश का भविष्य उज्जवल बना सकती है। आप अपनी रूचि अनुसार जॉब का चयन करें। इसके लिए मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से संचालित प्रशिक्षण पाकर अपने हुनर को निखार कर रोजगार पा सकते है। रेडिऐन्ट आई.टी.आई एवं कॉलेज के सिल्वर जुबली अन्तर्गत जिला प्रशासन, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के सहयोग से आयोजित मेगा कौशल रोजगार मेले के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि शिवपुरी विधायक माननीय देवेन्द्र जैन ने युवा संगम को संबोधित करते हुए कही। विशिष्ट अतिथि भूपेन्द्र रावत अध्यक्ष लघु उद्योग भारती एवं आईटीआई में जनभागीदारी अध्यक्ष ने अपने अतिथि उद्बोधन में जिले में उद्योग लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। आपने कहा विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त कर युवा अपना व अपने परिवार का नाम रोशन करें। भविष्य में हम और भी रोजगार अवसर मुहैया कराने का प्रयास करते रहेंगे। युवा संगम आयोजन में लगभग 1000 युवाओं ने भागीदारी दी जिसमें से 564 युवाओं को ऑफर लेटर दिया गया एवं अप्रेंटिस के लिए 169 और स्वरोजगार की विभिन्न योजनाओं के लिए 52 युवा लाभान्वित हुए। आरम्भ में अतिथिगण ने सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया तत्पश्चात् कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के रामसेवक बाथम, विकास बंजारे, रेडिऐन्ट के संचालक शाहिद खान ने प्रतिक चिन्ह एवं बुके भेंट कर अभिनन्दन किया। संचालन अखलाक खान ने किया। रोजगार पाने वाले युवाओं को रेडिऐन्ट ग्ररुप के डायरेक्टर डॉ. खुशी खान,शाहिद खान,श्री रामसेवक बाथम,विकास बंजारे एवं कम्पनियों एच.आर. ने ऑफर लेटर प्रदान किए। सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों को मंच पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनिय है कि रेडिऐन्ट ग्ररुप के स्थापना दिवस पर आयोजित कौशल रोजगार मेले में 22 कम्पनियों ने भागीदारी की जिनमें मुख्य रूप से रिलायंस रिफाइनरी, टाटा मोटर्स, मारूति सुजुकी, एचडीएफसी एसबीआई लाइफ, स्पन, एमआरएफ टायर, बीपीएल, फोन पे जैसी प्रतिष्ठित कम्पनिया भी शामिल थी। रोजगार मेले में युवाओ को 2 लाख से 8 लाख तक के वार्षिक मानदेय के ऑफर लेटर प्राप्त हुए। कार्यक्रम में उद्योग एवं व्यापार केन्द्र, शासकीय आई.टी.आई शिवपुरी, स्वास्थ्य विभाग, कौशल विकास विभाग, आजीविका मिशन के प्रतिनिधियों ने अपने विभाग में संचालित योजनाओं की जानकारी दी।

# अब 8 सितम्बर तक जमा कर सकेंगे किसान 'सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार' के आवेदन

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,28अगस्त।** जिले में किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि विभाग द्वारा सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार दिए जाएंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 15 अगस्त तय की गई थी, जिसे बढ़ाकर अब 8 सितम्बर 2025 कर दिया गया है।

परियोजना संचालक आत्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2024-25 के मूल्यांकन के आधार पर उत्कृष्ट काम करने वाले किसानों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें जिला स्तर पर चुने गए किसान को 25,000 और विकासखण्ड स्तर पर चुने गए किसान को 10,000 का पुरस्कार दिया जाएगा। यह पुरस्कार उन किसानों को मिलेगा जो खेती, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्यपालन या कृषि अभियांत्रिकी में नई तकनीक अपनाकर बेहतर उत्पादन कर रहे हैं। आवेदन का प्रारूप किसानों को विकासखण्ड स्तर पर बीटीएम आत्मा या एसएडीओ कार्यालय से मिलेगा। आवेदन सभी जरूरी दस्तावेजों के साथ 8 सितम्बर तक संबंधित वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी के कार्यालय में जमा करना होगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन किसानों का चयन पिछले वर्षों में हो चुका है, उन्हें इस बार शामिल नहीं किया जाएगा। इसका उद्देश्य नए किसानों को प्रोत्साहन देना है।

### गहरे तला में डूबा युवक, एसडीआरएफ टीम कर रही तलाश

ग्राम बेरखेड़ी निवासी 21 वर्षीय अंकेश जाटव पुत्र गद्दू जाटव बुधवार की रात्रि खेत के पास बने गहरे तला में डूब गया। घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद गुरुवार सुबह एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर तलाश में जुट गई। अंकेश की शादी छह महीने पहले शिवपुरी जिले के दररोनी गांव में हुई थी। करीब 15 दिन पहले ही उसका पथरी का ऑपरेशन हुआ था। बुधवार की रात करीब 12 बजे अंकेश बिना बताए घर से निकलकर पास के खेत की ओर अनार खाते-खाते चला गया। इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई। जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजन तलाश में निकले। ग्रामीणों ने तला के पास अंकेश के पैरों के निशान और गिरे हुए अनार के दाने देखे। संभावना जताई जा रही है कि इसी दौरान वह गहरे तला में डूब गया। एसडीआरएफ की टीम को मौके पर अंकेश की एक चड्डी भी मिली है। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ वर्ष पूर्व फोरलेन हाईवे निर्माण के दौरान यहां से मिट्टी निकाली गई थी, जिससे करीब 60 फीट गहरा और लगभग 500 फीट लंबा गड्ढा बन गया। बरसात के दिनों में इसमें पानी भर जाने से यह तालाब का रूप ले लेता है।

## फेसबुक पर दी चांचौड़ा विधायक प्रियंका पैंची की गर्दन काटने की धमकी

**गुना।** जिले के चांचौड़ा थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां सोशल मीडिया पर एक चांचौड़ा की महिला विधायक के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम पैंची निवासी दिलीप मीना पुत्र निरंजन सिंह मीना (39) नेचांचौड़ा थाने पहुंचकर एक लिखित आवेदन दिया। आवेदन में उल्लेख किया गया कि 26 अगस्त को फेसबुक पर डॉ. दिनेश मीना सुतानदी की एक पोस्ट के कमेंट सेक्शन में राम मीना पुत्र मंटीलाल मीना निवासी ग्राम वरखेड़ीमाफी ने अपनी फेसबुक आईडी से विधायक प्रियंका पैंची के खिलाफ आपत्तिजनक और अश्लील टिप्पणी की। यही नहीं, उन्होंने विधायक की गर्दन काटने की धमकी भी दी। इस पोस्ट को देखने के बाद उन्हें और क्षेत्र के अन्य ग्रामीणों को गहरा आघात पहुंचा है। महिला विधायक के प्रति सार्वजनिक मंच पर इस तरह की अमर्यादित टिप्पणी से उनकी छवि धूमिल हुई है और सामाजिक रूप से अपमान भी हुआ है। उन्होंने इसके स्क्रीनशॉट लेकर सुरक्षित कर लिए हैं और आवेदन के साथ पुलिस को सौंपे हैं।

आवेदन पर चांचौड़ा पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गुंजारी नदी रपटे पर बहे युवक का शव मिला



**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी,28अगस्त।** कोलारस के जगतपुर से खटीक मोहल्ला जाने वाले मार्ग पर बनी गुंजारी नदी के रपटे पर शनिवार दोपहर को तेज बहाव में बहे युवक का शव पांच दिन बाद बरामद हुआ। मृतक की पहचान कोलारस निवासी मुकेश राठौर पुत्र किशनलाल राठौर (उम्र लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, मुकेश राठौर नदी का रपटा पार कर रहे थे तभी पानी के तेज बहाव में बह गए। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी संजय मिश्रा, एसडीएम अनूप श्रीवास्तव, थाना प्रभारी रवि चौहान, नगर परिषद व एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। लगातार पांच दिनों तक तलाशी अभियान चलाया गया, पर कोई सफलता नहीं मिली। प्रशासन ने आसपास के गांवों को भी सतर्क किया था। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे मृतक का शव भडौता गांव स्थित सिंध नदी के वाटर प्लांट के पास मिला। एसडीआरएफ की टीम ने शव को बरामद कर पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में गुंजारी नदी पर बने रपटे पर अक्सर पानी का तेज बहाव रहता है। इसके बावजूद लोग लापरवाही करते हुए इसे पार करने की कोशिश करते हैं, जिससे इस तरह के हादसे बार-बार सामने आते हैं।

# सहरिया संगठन ने कलेक्टोरेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

**गुना।** जिले के सहरिया संगठन एवं जन कल्याण समिति के नेतृत्व में गुरुवार को सहरिया आदिवासी ग्रामीण कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि उनकी बुनियादी समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं हो रहा है, जिसके चलते उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठन के अध्यक्ष हरियम, उपाध्यक्ष नंदकिशोर, सचिव धूमन सिंह और कोषाध्यक्ष खूबसिंह के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि कई सहरिया महिलाओं को अब तक पोषण आहार अनुदान राशि नहीं मिल रही है। वहीं बड़ी संख्या में सहरिया किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से भी वंचित हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि इन्हें जल्द ही जोड़ा जाए। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिन आदिवासियों के जाति प्रमाणपत्र और आधार कार्ड अब तक नहीं बने हैं, उनके प्रमाणपत्र बनाए जाएं और सरपंच के प्रमाणीकरण से आधार कार्ड की प्रक्रिया शुरू की जाए। इसके अलावा आदिवासी परिवारों की भूमि दबंगों के कब्जे से मुक्त कराने तथा जिनकी भूमि कंप्यूटर रिकार्ड में दर्ज नहीं है, उसे दर्ज करने की मांग भी रखी गई। संगठन ने कहा कि जिन आदिवासियों की वन भूमि का सर्वे पूरा हो चुका है, उन्हें शीघ्र वन अधिकार पत्र दिए जाएं। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग में वर्तमान में चल रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती प्रक्रिया में सहरिया आदिवासी महिलाओं को आरक्षित पदों पर प्राथमिकता दी जाए।

# सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम पर कार्यशाला

**नवभारत न्यूज**
**गुना।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत उद्यानिकी फसलों के लिए सूक्ष्म सिंचाई एवं सेंसर बेस्ड ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला राज्य कृषि विकास विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान बरखेगी भोपाल में मंगलवार को आयोजित की गई। 26 अगस्त को भोपाल में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में विशेषज्ञों ने बताया कि, सेंसर आधारित ऑटोमेशन फर्टीगेशन सिस्टम से किसानों को सिंचाई और उर्वरक प्रबंधन सरल, वैज्ञानिक और किफायती तरीके से करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर गुना जिले से शामिल हुए उप संचालक उद्यानिकी के.पी.एस. किरार ने कहा कि यह तकनीक गुना जिले के प्रगतिशील किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। विशेषकर वे किसान जो ड्रिप सिंचाई प्रणाली से सब्जियों की खेती कर रहे हैं अथवा पॉलीहाउस में गुलाब एवं अन्य फूल उगा रहे हैं, उनके लिए यह सिस्टम खेती में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला है। उद्यानिकी विभाग इस प्रणाली पर 50त्न का अनुदान जो अधिकतम 2 लाख रुपए तक प्रदान करेगा। फसल उत्पादन में 25 से 60 फीसदी तक वृद्धि,पानी की 30 से 40 फीसदी तक बचत,उर्वरक की 20 से 40 फीसदी तक बचत,पीएच मान एवं ईसी का स्वत: नियंत्रण। मोबाइल से ऑपरेट करने की सुविधा। समय, श्रम, बिजली व डीजल की बचत। एवं मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनी रहती है।

# उत्तम क्षमा के साथ शुरू हुआ तप और त्याग का महापर्व पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व

**नवभारत न्यूज**
**गुना।** दिगंबर जैन समाज का त्याग, तपस्या और साधना का पर्व पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व का शुभारंभ गुरुवार से हुआ। इसी के साथ शहर के समस्त मंदिरों में मुनिसंघ के सानिध्य में श्रावकों ने व्रत, उपवास रखकर आत्मसाधना शुरू की। इस मौके पर पर्वाधिराज पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन उत्तम क्षमा पर शहर के समस्त मंदिरों पर प्रात- भगवान जिनेन्द्र का अभिषेक, शांतिधारा, दशलक्षण पूजन के साथ विधान का आयोजन हुआ। वहीं शाम को श्रावकजनों ने प्रतिक्रमण पाठ (सालभर की गलतियों के लिए प्रभु के समक्ष क्षमायाचना), जिनेन्द्र भक्ति की। तत्पश्चात विभिन्न मंदिरों पर प्रवचन के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर प्रतिदिन निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज के ससंघ सानिध्य में गुरुवार सुबह पूजन-पाठ एवं प्रवचन हुए। वहीं दोपहर 2:30 बजे से तत्वार्थ सूत्रजी की वाचना, शाम को आचार्य भक्ति हुई। इधर दशलक्षण महापर्व पर शांतिनाथ पुण्योदय अतिशय क्षेत्र बजरंगगढ़ में भी प्रात: 7:30 बजे से अभिषेक, शांतिधारा, पूजन हुई। वहीं शाम 7:30 बजे से जिनेन्द्र भक्ति, आरती हुई।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेला में शाम को चंद्रप्रभु जिनालय त्रिमूर्ति कॉलोनी में खुला प्रश्नमंच हुआ। जबकि शांतिनाथ बाजार मंदिर पर फैंसी ड्रेस का आयोजन किया गया। शुक्रवार को पार्श्वनाथ बड़ा जैन मंदिर पर महिला जैन मिलन आरोही के द्वारा भगवान के सोलह स्वप्नों का सार दिखाया जाएगा। जबकि शांतिनाथ बाजार मंदिर पर जिनवर भक्ति नृत्य प्रतियोगिता (महिला संभाग), चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर त्रिमूर्ति कॉलोनी पर जिनवर एक मिनट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

### हिंसा तलवार से नहीं शब्दों पर कंट्रोल नहीं रखने से होती है- निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी

इस मौके पर पर्यूषण पर्व के प्रथम दिवस उत्तम क्षमा पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनिश्री योग सागरजी महाराज ने कहा कि अनादि निधन पर्व वर्ष में तीन बार आता है। माह, चैत, भाद्र महीनों में से भाद्र माह के पर्यूषण विशेष रूप से श्रावकों द्वारा मनाए जाते हैं। यह आत्मा को पवित्र करने का महान पर्व होता है। मुनिश्री ने कहा कि धर्म वह है जिसके करने से आत्मा अपने स्वरूप को प्राप्त होती है। वास्तविक धर्म तो संसार से मुक्ति प्राप्त करने का नाम है। धर्म अनेक रूपों का नाम है। रत्नात्रय धर्म, अहिंसा धर्म, दया धर्म आदि। प्रत्येक साधु दिन में तीन बार दुनिया के सभी जीवों से क्षमा मांगते हैं। क्षमा कर देना भी सबसे बड़ा धर्म है। हमारी कषाय ही हमें संसार में रूला रही है। क्रोध के उदय में प्रेम और वात्सल्य खत्म हो जाता है। भूल को सुधारना जीव का लक्षण है। सहन करना क्षमा कर देना ही धर्म होता है। क्योंकि हिंसा तलवार से नहीं होती वचनों पर कंट्रोल नहीं रखने से हिंसा रूपी महापाप होता है। अप्रिय वचनों के कारण महाभारत जैसा युद्ध 18 दिन तक चला था। मुनिश्री ने मोबाईल को हिंसा का महान साधन बताया। आज छोटे-छोटे बच्चे बिना मोबाईल के नहीं रह पाते हैं। महंगे लाखों के मोबाईल रख कर इस महान पाप को कर रहे हैं। मुनिश्री ने घर और मंदिर में अंतर बताते हा कि घर में ममता है मंदिर में समता है। हम शब्दों को नहीं उसके अभिप्राय को समझे। मौन साधना करना सबसे बड़ी साधना होती है।